पृष्ठ सं 1।

# प्रतिवेदन

**कार्य का नाम:-** जनपद पौड़ी गढ़वाल में थलीसैण ब्लाक के अन्तर्गत गढ़सारी–कुल्याणी–धाधणखेत मोटर मार्ग का विस्तार। लम्बाई 3.000 कि0मी0।

उपरोक्त विषयक मोटर मार्ग के निर्माण कार्य की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश संख्या 5161/111(2)/10–35 (एम0एल0एस0) 2010 टी0सी0आई0 दिनांक 24.09.2010 द्वारा 3 कि0मी0 में प्राप्त हुई हैं। यह मार्ग पूर्व में स्वीकृत गढ़सारी–कुल्याणी–धाधणखेत मोटर मार्ग के कि0मी0 5.000 से प्रारम्भ होगा एवं 3.000 कि0मी0 लम्बाई में कि0मी0 8.000 तक धाधणखेत में जुड़ जायेगा। इस मोटर मार्ग हेतु दो समरेखणों पर विचार किया गया। समरेखण संख्या एक में नाप भूमि 1.800 कि0मी0 एवं आरक्षित वनभूमि 1.200 कि0मी है। वैकल्पिक निरस्त समरेखण संख्या दो में निजी नाप भूमि 1.400 कि0मी0 एवं आरक्षित वनभूमि 1.600 कि0मी0 है। यह समरेखण आरक्षित वनभूमि में अधिक होने के कारण पातन किये जाने वाले पेड़ों की संख्या समरेखण संख्या एक की अपेक्षा अधिक है। प्रस्तावित समरेखण संख्या एक में पातन किये जाने वाले पेड़ों की संख्या न्यूनतम 84 है। समरेखण संख्या एक में स्थानीय ग्रामवासियों की सहमति है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से यातायात विहीन क्षेत्र में यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी एवं स्थानीय कामगारों को मोटर मार्ग निर्माण कार्य में रोजगार भी उपलब्ध होगा। मोटर मार्ग के निर्माण से क्षेत्र का चहुमुखी विकास सम्भव हो पायेगा।

प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से चार गॉव लाभान्वित होंगे।

1. कुल्याणी 2. धाधणखेत 3. कुण्ज 4. बटूला

उक्त मोटर मार्ग यातायात के साधन विहीन क्षेत्र में प्रस्तावित होने के कारण मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है।

अतः मोटर मार्ग निर्माण में प्रयुक्त की जाने वाली वन भूमि प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्ताव सादर प्रेषित है।

| | | |
|---|---|---|
| (श्री अजीत गोसांई) | (श्री लाल सिंह राणा) | (श्री राजेश चन्द्रा) |
| कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
| निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 | निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 | निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 |
| बैजरो (गढ़वाल) | बैजरो (गढ़वाल) | बैजरो (गढ़वाल) |

ativedan